# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर

सहकारी बैंक

प्रधान कार्यालय सीहोर म0प्र0– 466001
फोन– 226049, 222220, 226017, निवास 226099
E-mail :- dccbsehore@ rediffmail.com
Fax No – 07562-403572


क्रमांक/स्था./43/24/1282, सीहोर दिनांक 22/02/2021

## -: आदेश :-

म0प्र0 राज्य सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल के पत्र क्रं0/म.प्र.मुख्या/सीबीएम/29/बीओ/1087 दिनांक 21.08.2024 प्रतीक्षा सूची अनुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, सीहोर में समिति प्रबंधक के पद पर वेतनमान रू.–19500 मूल वेतन एवं बैंक सेवानियमानुसार देय अन्य भत्तों सहित प्रति माह देय कुल वेतन के आधार पर निम्नलिखित उम्मीदवारों को उनकी पदस्थी दिनांक से एक वर्ष की परिवीक्षावधि पर निम्नलिखित शर्तों के अधीन नियुक्ति प्रदान की जाती है ।

माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा याचिका क्रं0–wp6507/2023 दिनांक 01.12.2023 में पारित अंतरिम निर्णय में यह भी निर्देशित किया गया है कि जिला सहकारी बैंको से संबंद्व प्राथमिक समितियों में पूर्व से कार्यरत सहायक समिति प्रबंधकों की समिति प्रबंधकों के 60 प्रतिशत पदो पर नियुक्ति होने पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया से नियुक्त होने वाले समिति प्रबंधकों से उनकी वरिष्ठता ऊपर रहेगी।

| क | रोल नम्बर | चयनित अभ्यर्थी का नाम एवं पिता/पति का नाम | पता | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1110011685 | कुलदीप सिंह सागर आ0 श्री रमेश चन्द्र सागर | ई–12, 134 पुलिस लाईन नेहरू नगर जिला भोपाल | |
| 2 | 1510000198 | सुरेश कुमार वामनिया आ0 श्री शम्भूलाल वामनिया | 124 गोर्वधनपुरा, तहसील सुवासरा जिला मंदसौर | |
| 3 | 1110009546 | केशव कुशवाह आ0 श्री संजय कुशवाह | लेबर कॉलोनी, मकान नं0–26, जिला सीहोर | |
| 4 | 1110000251 | शीतल गजभिये आ0 श्री सी. एस. गजभिये | जे–165, प्रियंका नगर, कोलार रोड, जिला भोपाल | |
| 5 | 1110007930 | करन चंदानी आ0 श्री पुरूषोत्तम चंदानी | जी–4, मकान नं0–6, डॉ. ग्यानचंदानी क्लिनिक के पास बैरागढ़ जिला भोपाल | |
| 6 | 1110014042 | अभिषेक कुमार शर्मा आ0 श्री कैलाश नारायण शर्मा | वार्ड नं0–10, नगर परिषद कोठरी, तहसील आष्टा, जिला सीहोर | |
| 7 | 1110008765 | अमित दांगी आ0 श्री ओमप्रकाश दांगी | मकान नं0–6, महुआखेड़ा, पोस्ट दौराहा, तहसील श्यामपुर, जिला सीहोर | |
| 8 | 1310007039 | परवेश दखाने आ0 श्री विजय दखाने | मकान नं0–213 नेवरगांव वारासिवनी बालाघाट | |
| 9 | 1110010257 | नरेश मेवाड़ा आ0 श्री वीरभान सिंह मेवाड़ा | ग्राम रामाखेडी, पोस्ट ढाबला, तहसील व जिला सीहोर | |



Scanned with OKEN Scanner

नियुक्ति की शर्तें :—

1. नियुक्त उम्मीदवारों को बैंक सेवाओं में प्रथमतः उपस्थिति अपने स्वयं के व्यय पर देना होगी।

2. नियुक्त उम्मीदवार को उसके द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेखित शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाणपत्रों की मूल प्रति उपस्थिति के समय सत्यापन हेतु निर्धारित दिनांक तक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने अथवा ऑन लाईन प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों/जानकारी से प्रस्तुत मूल प्रमाणपत्र सुसंगत न होने की दशा में यह नियुक्ति पत्र स्वतः निरस्त हो जावेगा तथा इस संबंध में उम्मीदवार का कोई भी दावा स्वीकार नहीं होगा।

3. नियुक्त उम्मीद्वार की परिवीक्षावधि सामान्यतः 12 माह की होगी, परंतु नियुक्तिकर्ता अधिकारी यदि आवश्यक समझे तो परिवीक्षावधि में 6–6 माह की वृद्धि कर सकेगा, परंतु परिवीक्षावधि 2 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

4. परिवीक्षावधि में सेवायुक्त का कार्य एवं आचरण संतोषजनक नहीं पाये जाने से अथवा बजट में कमी या अन्य कारणों से पदों के निरस्तीकरण की स्थिति में नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा परिवीक्षावधि पर कार्यरत सेवायुक्त की सेवाऐं बिना कोई कारण बताए लिखित आदेश द्वारा समाप्त की जा सकेगी।

5. इस नियुक्ति आदेश के साथ चरित्र सत्यापन हेतु शपथ पत्र का निर्धारित प्रारूप संलग्न है, जिसे उम्मीदवार द्वारा अपनी उपस्थिति के समय प्रस्तुत किया जाना होगा। यह नियुक्ति आदेश, चरित्र सत्यापन रिपोर्ट के अनुकूल होने की प्रत्याशा में जारी किया जा रहा है। यदि चरित्र सत्यापन की रिपोर्ट में नियुक्त उम्मीद्वार शासकीय/अर्द्धशासकीय/निगम/मण्डल/सहकारी बैंक सेवा के अयोग्य पाये जाते है, तो उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकेगी।

6. इस नियुक्ति आदेश के साथ पुलिस वेरीफिकेशन हेतु अनुप्रमाणन फार्म <u>परिशिष्ट–1</u> पर संलग्न है, उक्त फार्म में वांछित जानकारी उम्मीद्वार द्वारा भरी जाकर बैंक को 4 प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा। यदि पुलिस वेरीफिकेशन में विपरीत टीप प्राप्त होती है, तो संबंधित उम्मीदवार की सेवायें समाप्त की जावेगी।

7. उपस्थिति के समय स्वयं की एवं आश्रितों की अचल संपत्ति के संबंध में निर्धारित प्रारूप में विवरण प्रस्तुत करना होगा।

8. उम्मीद्वार को कम से कम एक वर्ष तक बैंक सेवा में रहने का अनुबंध रू. 1,000/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप में निष्पादित कर उपस्थिति के एक सप्ताह की समयावधि में प्रस्तुत करना होगा (प्रारूप संलग्न है)। इसके पूर्व सेवा से त्यागपत्र देने की स्थिति में उन्हें बैंक द्वारा दिये गये प्रशिक्षण पर व्यय की गई राशि जमा करना होगी ।

9. नियुक्त उम्मीदवारों को उपस्थिति के समय राशि रू. 50,000/– जमानत स्वरूप फिक्सड् डिपाजिट (बैंक एवं स्वयं के संयुक्त नाम से) के रूप में 03 वर्ष के लिए बैंक में जमा करना होगी। यदि उनके द्वारा अनुबंध अवधि के दौरान बैंक की सेवायें किसी भी कारण से छोडी जाती है तो प्रशिक्षण पर हुए वास्तविक व्यय का समायोजन जमानत स्वरूप रखी गयी राशि फिक्स डिपाजिट रिसीट से की जावेगी ।

प्रधान कार्यालय



Scanned with OKEN Scanner

10. नियुक्त उम्मीदवार को बैंक की किसी भी शाखा अथवा किसी प्राथमिक कृषि सहकारी साख संस्था (पैक्स) में पदस्थ किया जा सकेगा।

11. नियुक्त उम्मीदवार को हिन्दी एवं अंग्रेजी टायपिंग तथा कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान (दक्षता) होना अनिवार्य होगा। यदि उन्हें इसका ज्ञान नहीं है तो नियुक्ति दिनांक से 6 माह के अन्दर स्वंय के व्यय पर तत्संबंध में बैंक द्वारा निर्धारित मानक स्तर पर दक्षता प्राप्त करना होगी।

उपरोक्तानुसार शर्तें मान्य हों तो चयनित उम्मीदवार दिनांक **31.08.2024** तक बैंक मुख्यालय में उपस्थित होकर चयन सूची में दर्शित शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूलप्रति सत्यापन हेतु अनिवार्य रूपसे प्रस्तुत करें ।

इस नियुक्ति आदेश में मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 के प्रावधानों का पालन किया गया है।

उक्त आदेश आपके द्वारा दिये गये ई–मेल आई0डी0 एवं प्रधान कार्यालय सीहोर बैंक की बेवसाईड **www.dccbsehore.in** से प्राप्त कर निम्नांकित दस्तावेजो की पूर्ति उपरांत निर्धारित दिनांक तक अपनी उपस्थिती प्रधान कार्यालय सीहोर में देवे।

(वांछित औपचारिकताऐं)

1. शपथ पत्र (100/– के स्टाम्प पेपर पर)
2. अनुप्रमाणन फार्म (मूल प्रति 4)
3. अचल संपत्ति विवरण प्रारूप।
4. सेवा–अनुबंध (1000 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर)।
5. पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र (संबंधित थाने का)
6. चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र (शासकीय)
7. फेडिलिटी ग्यारंटी (रू–1.00 लाख)
8. पासपोर्ट फोटो – 5
9. शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति 2 प्रति में

**(कलेक्टर एवं प्रशासक द्वारा आदेशित)**

(पी.एन.यादव)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
सीहोर दिनांक
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या
सीहोर (म प्र)

पृ0क्रं0/स्था./43/24/1282

प्रतिलिपिः–

1. श्री मनोज शर्मा सहायक प्रबंधक, प्रधान कार्यालय सीहोर ।
2. श्री प्रदीप उपाध्याय प्रभारी अधीक्षक प्रधान कार्यालय सीहोर ।
3. श्री प्रमोद गौतम प्रभारी शाखा प्रबंधक प्रधान कार्यालय सीहोर ।
4. श्री मनोज वर्मा प्रभारी शाखा प्रबंधक प्रधान कार्यालय सीहोर

की और कार्यालयीन पत्र क्रं0/स्था/42/23/1803 दिनांक 26 दिसम्बर 2023 के परिपालन में सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

(जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. सीहोर (म.प्र.) — प्रधान कार्यालय)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या
सीहोर (म प्र)



Scanned with OKEN Scanner